आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–02 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश सरकार, गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में कई स्वास्थ्य सुविधाए बढ़ाने के साथ ही डाक्टरों, मरीजों और तमीरदारों की सुविधा के लिए कई विकास कार्य भी कराएगी।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पचपन करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों और सुविधाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगें। इस दौरान मुख्यमंत्री स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के तहत एमबीबीएस और पैरामेडिकल छात्रों को चार सौ तिरासी टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री के हाथों जिन प्रमुख सुविधाओं का शुभारंभ होगा उनमें सात करोड़ सत्रह लाख रुपये की लागत से सीटी स्कैन मशीन और इग्यारह लाख पचीस हजार रुपये की लागत वाली लिथोट्रिप्सी मशीन का लोकार्पण प्रमुख है। इसके अलावा मुख्यमंत्री, जेनेटिक मेडिसिन और पीडियाट्रिक्स आर्थोपेडिक्स ओपीडी तथा मिल्क बैंक का भी शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री, माइक्रोबायोलॉजी विभाग में सैम्पल कलेक्शन सेन्टर की स्थापना, पैथालॉजी विभाग में फुली आटोमेटिक टिश्यु प्रोसेसर, फुली आटोमेटिक यूरिन एनालाइजर जैसी मशीनों का शुभारंभ करेंगें इसके साथ ही मुख्यमंत्री, फार्मेसी कालेज के विस्तार कार्य का भी लोकार्पण करेंगे। साथ ही सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल में कार्यरत उपचारिकाओं के लिए सौ सीटेड मैरिड छात्रावास के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी करेंगे। इस छात्रावास के निर्माण पर तीस करोड़ इक्कतीस लाख रुपये की लागत आएगी।

****

राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ग्रस्त इलाकों में लगातार क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे किया जा रहा है, ताकि किसानों को समय से मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों से छोड़े गये पानी से प्रदेश के अट्ठारह जिलों की करीब बयासी हजार एक सौ छब्बीस हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। वहीं सर्वे के दौरान वास्तविक क्षतिग्रस्त फसल करीब उन्नतीस हजार दो सौ तैंतालीस हेक्टेयर पायी गयी है। उन्होंने बताया कि जिस भी किसान की बाढ़ की वजह से तैंतीस प्रतिशत से अधिक की फसल नुकसान हुई है, उसे मुआवजा दिया जाएगा। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से एक लाख सत्तावन हजार चार सौ चौवालीस किसानों की फसल प्रभावित हुई जबकि लेखपाल द्वारा अब तक एक लाख छप्पन हजार नौ सौ बावन किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए पोर्टल पर नाम फीड किया जा चुका है। इसके सापेक्ष अब तक एक लाख पच्चीस हजार पांच सौ इक्कीस किसानों को इकहत्तर करोड़ एक लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं बचे हुए किसानों के नामों की फीडिंग का काम तेजी से चल रहा है। सबसे अधिक लखीमपुर के अट्ठासी हजार पांच सौ छियालिस किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई है। सत्तर हजार छः सौ इक्यानबे किसानों को सैंतालिस करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

सिद्धार्थनगर में उन्नीस हजार आठ सौ पांच किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई है। इनमें से पन्द्रह हजार चार सौ अठहत्तर किसानों को सात करोड़ पचास लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है। हरदोई के अठारह हजार दस प्रभावित किसानों में से चौदह हजार छः सौ तिहत्तर किसानों को पांच करोड़ बयालिस लाख रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है।

राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में क्षतिग्रस्त फसलों के किसानों की लिस्ट तहसीलों पर चस्पा करने का निर्णय किया गया है ताकि किसानों को जो मुआवजा दिया जा रहा है उसकी उन्हें सही जानकारी हो सके।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लगातार तीसरे दिन आज भी मेरठ और बागपत में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। कल मेरठ में जहां डीएम और एसएसपी ने हेलीकॉप्टर से शिव भक्तों पर फूल बरसाए थे, वहीं आज श्रावण शिवरात्रि के पावन अवसर पर मेरठ मंडल की मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे और आईजी नचिकेता झा ने मेरठ में बाबा औघड़नाथ मंदिर और बागपत में पुरा महादेव मंदिर में कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। दोनों अधिकारियों ने पुष्प वर्षा के साथ ही मंदिर परिसर का सर्वेक्षण भी किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होते देख कावंडिये खुशी से झूम उठे और बोल बम के नारे से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इससे पूर्व कल मेरठ के डीएम दीपक मीणा और एसएसपी विपिन ताड़ा ने भी मेरठ के ऐतिहासिक औघड़नाथ मंदिर, दिल्ली देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग, पल्लवपुरम, शिवाय टोल प्लाजा पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की थी।

****

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज वाराणसी पहुंचे। काशी के बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन पूजन के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जिलें में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पीडब्लूडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड यात्रा को देखते हुए कांवड़ियो के मार्गों को हर हाल में सुगम रखा जाए। उप मुख्यमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों से भी मुलाकात की और संगठन को मजबूत बनाने के मंत्र दिये।

****